जीरो टॉलरेंस से कानून व्यवस्था सुदृढ़

सेमिनार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि चुस्त कानून व्यवस्था के चलते राज्य में निवेशकों का औद्योगिक परियोजनाएं लगाने का उत्साह बढ़ा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में अपराध के प्रति जीरो टालरेंस की नीति के तहत कानून व्यवस्था सुदृढ़ की गई है।

अवनीश अवस्थी ने यह बात सोमवार को आयोजित सेमिनार में कही। इन्वेस्ट यूपी व इंडो अमेरिकन चैंबर्स आफ कामर्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सरकार-उद्योग सत्र में कई उद्यमियों व निवेशकों ने शिरकत की। नेशनल डिफेंस कॉलेज के अधिकारियों की यूपी यात्रा के दौरान खास तौर पर इसका आयोजन किया गया। आईएएस विजय नेहरा के नेतृत्व में 16 सैन्य अधिकारियों का दल भी इसमें शामिल हुआ। चैंबर्स के यूपी समन्वय समिति के चेयरमैन मुकेश सिंह ने सेमिनार का संचालन किया। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने कहा कि 120 समर्पित उद्यमी मित्र औद्योगिक परियोजनाएं लगाने में निवेशकों की हर संभव मदद करवा रहे हैं। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि हेल्पलाइन, वन स्टाप सेंटर, कन्या सुमंगला योजना व मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के जरिए महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। एचसीएल की वाइस प्रेसीडेंट कीर्ति कर्मचंदानी व फीनिक्स मॉल के सीईओ संजीव सरन ने भी विचार रखे।

इन्वेस्ट यूपी व इंडो अमेरिकन चैंबर्स आफ कामर्स के सेमिनार में सोमवार को सीएम केसलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद रहे।